# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ।

(आई०टी०डी०ए०, सरायकेला–खरसावाँ)

## अतिथि शिक्षक हेतु सूचना

सरायकेला–खरसावाँ जिलान्तर्गत के प्रखण्ड–राजनगर में नव निर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, खैरबनी, राजनगर (गोविन्दपुर) का संचालन प्रारम्भ एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, झीमड़ी, नीमडीह संचालित है। जिसमें तत्कालिन रूप से अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना है जिसके लिये निम्नांकित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

विद्यालयवार एवं विषयवार रिक्त पद की विवरणी निम्नवत् है :–

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, खैरबनी, राजनगर (गोविन्दपुर)**

| क्र0 | पद का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, गणित | 1 |
| 2 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, क्षेत्रीय भाषा (संथाली) | 1 |
| 3 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, संगीत | 1 |
| 4 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला | 1 |

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, झीमड़ी, नीमडीह**

| क्र0 | पद का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, हिन्दी | 1 |
| 2 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, अग्रेजी | 1 |
| 3 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, गणित | 1 |
| 4 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, भौतिक विज्ञान | 1 |
| 5 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, इतिहास | 1 |
| 6 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला | 1 |
| 7 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, संगीत | 1 |

1. **स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) हेतु न्युनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

   - संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से न्युनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ तीन/चार वर्षीय एकीकृत स्नातक बी०एड० अथवा संबंधित विषय में तीन वर्षीय स्नातक ऑनर्स की डिग्री एवं बी०एड० आवश्यक है।
   - (CTET पत्र–2 (कक्षा VI-VIII) या JTET उत्तीर्ण अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।)

2. **स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (PGT) हेतु न्युनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

   - संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से न्युनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ दो वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर बी०एड० अथवा संबंधित विषय में दो वर्षीय स्नातकोत्तर ऑनर्स की डिग्री एवं बी०एड० आवश्यक है।

**आयुसीमा :-**

- न्युनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 60 वर्ष होना चाहिए।
- राज्य सरकार/KVS/NVS/मान्यता प्राप्त CBSE स्कूलों से सेवानिवृत शिक्षक भी आवेदन कर सकते है। सेवानिवृत के लिये अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। बशर्ते की वे आवासीय विद्यालय में कार्य करने के लिये शारीरिक रूप से स्वस्थ हों।

**आवेदन प्रक्रिया :-**

- आवेदन पत्र NIC सरायकेला-खरसावाँ की वेबसाईट www.saraikela.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाईट से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। किसी अन्य प्रारूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक, प्रमाण पत्र, अनुमण्डल/जिला स्तरीय ऑनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, अनुभव प्रमाण-पत्रों, आचरण प्रमाण पत्र एवं अन्य (छायाप्रति) की स्वःअभिप्रमाणित प्रति निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **जिला कल्याण कार्यालय, सरायकेला-खरसावाँ पिन-833219** में दिनांक 19.09.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। उक्त तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**चयन प्रक्रिया :-**

- प्राप्त आवेदन के आलोक में योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार किया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा चल साक्षात्कार (Walk in Interview/Skill Test) के आधार पर किया जायेगा।
- साक्षात्कार हेतु चयनित आवेदकों को साक्षात्कार की तिथि एवं समय अलग से संसूचित किया जायेगा।
- विभागीय पत्रांक-202, दिनांक-28.01.2025 के द्वारा रिक्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर पद पर अतिथि शिक्षको के चयन हेतु स्थानीय को प्राथमिता दी जाएंगी।
- किसी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षण कार्य का अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अन्य शर्तें :-**

- अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति केवल 31 मार्च 2027 तक या नियमित शिक्षकों की नियुक्ति तक, जो भी पहले हो के आधार पर किया जायेगा। इस पर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही एकरारनामा में वर्णित शर्तो के उल्लंधन या असंतोषप्रद कार्य के कारण बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है।
- यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। अतिथि शिक्षक इस नियुक्ति के आधार पर अपने सेवाओं के नियमितीकरण का दावा नहीं कर सकते हैं।
- अतिथि शिक्षकों का कार्य समय नियमित शिक्षकों के समान होगा। चूँकि EMRS एक आवासीय विद्यालय है इसलिए अतिथि शिक्षकों को विद्यालय और छात्रों की आवश्यकतानुसार विद्यालय में उपलब्ध रहना होगा।
- पूर्णकालिन अतिथि शिक्षकों को NEST/State EMRS Society द्वारा स्वीकृत नियमानुसार पारिश्रमिक भुगतान किया जाएगा।

- नियुक्ति पत्र निर्गत होने के एक सप्ताह के भीतर निर्धारित विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ करना होगा। अन्यथा प्रतीक्षा सूची से अध्यापन कार्य हेतु शिक्षकों का चयन कर लिया जायेगा। इसके बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- केन्द्र सरकार एवं NESTS द्वारा घोषित अवकाश के अलावे कोई अवकाश देय नहीं होगा।
- अतिथि शिक्षकों का अध्यापन कार्य के अतिरिक्त पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी सहभागिता अनिवार्य होगी। इसके लिए अलग से राशि का दावा नहीं करना होगा। साथ ही संस्था प्रमुख के द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का अनुपालन करना होगा।
- अतिथि शिक्षकों के लिए विद्यालय चयन का अधिकार जिला स्तरीय समिति के पास सुरक्षित होगा।
- किसी भी विवाद की स्थिति में संस्था प्रमुख अथवा जिला स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
- NESTS द्वारा अतिथि शिक्षकों का चयन हेतु निर्गत दिशा–निर्देश की प्रति संलग्न है।
- इस विज्ञापन में किसी प्रकार का संशोधन / रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

02-09-2026

**परियोजना निदेशक**
समेकित जनजाति विकास अभिकरण
सरायकेला–खरसावाँ।

01/09/26

01-09-26

**उपायुक्त,**
सरायकेला–खरसावाँ।

# EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL

**District Welfare Office**
**Dist- Seraikella-Kharsawan**

Please paste a recent Passport size color photograph

**Registration No. (For Office Use) ..............................**

**Applied for EMRS :..............................................................................................**

**Applied for Post :................................................................................................**

1. **Name (Block Letters) :..................................................................................**
2. **Father's/Husband's Name**

   **....................................................................................................**
3. **Date of Birth** (MM/DD/YYYY) **.............................. Gender (Male/Female):...................... Married/Unmarried..............................**
4. **Category :(ST/SC/OBC/GEN)..............**
5. **Postal Address :**

   **..........................................................................................................................**

   **..........................................................................................................................**

   **..........................................................................................................................**

   **District :...................................... State :..................................Pin ..................**
6. **Permanent Address :**

   **..........................................................................................................**

   **..........................................................................................................................**

   **..........................................................................................................................**

   **District : ......................................State :....................................Pin:..................**
7. **Phone/Mobile No : .........................Whatsapp No : ...........................**

   **Email Id : ..................................................................................................**
8. **Education qualification:- (Starting form secondary school onwards)**

| Sl. No. | Exam Passed | School/ College Name | Board/ University | Subjects | Year of passing | Total Marks | Mark Obtained | %Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |

9. **Computer Knowledge**

.........................................................................................

(a) **Have you done any degree/diploma in computer give details**

.........................................................................................

.........................................................................................

.....

(b) **Any experience on working on computer**

.........................................................................................

.........................................................................................

......

10. **Whether CTET Paper-II (Class 6 to 8) Qualified or Not? (Write YES/NO)**

..................

11. **Work Experience:**

| Sl. No | Name of School/Institute | Address | Working Experience | | | Subject Taught with Class |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | Total Duration (Years & months) | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**Additional information :-**

.........................................................................................

.........................................................................................

......

# <u>घोषणा</u>

मैं.......................................................पिता/पति....................................................... एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर दिए गए विवरणी मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है और यदि वे असत्य पाये जाते है, तो मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और मुझे उक्त पद के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

मैंने सभी नियम एवं शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है और उसका पालन करने के लिए सहमत हूँ। मैं यह भी समझता हूँ कि मेरी नियुक्ति अस्थायी है और विभाग के पास किसी भी समय मेरे नियुक्ति समाप्त करने का पूरा अधिकार है।

मैं घोषणा करता हूँ कि मैं किसी कानूनी/अनुशासनात्मक मामले में शामिल नहीं हूँ तथा आज की तिथि तक मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है।

**Date : …………………..**

**Place: …………………..·**

आवेदक का हस्ताक्षर